# पर्यावरण संरक्षण, वेस्ट मैनेजमेंट के लिए मप्र में होगा हाईटेक तकनीकों का उपयोग



सीएम डॉ. यादव ने शारजाह स्थित बी-आह मुख्यालय का किया दौरा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 8 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संयुक्त अरब अमीरात में तीसरे दिन 8 सितंबर को शारजाह स्थित बी-आह मुख्यालय का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने बी-आह फैसेलिटी के ग्रुप सीईओ एवं वाइस-चेयरमैन खालिद अल हुरैमल के साथ एक उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठक की.**

बैठक में पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट सिटी विकास, सर्कुलर इकोनॉमी और अत्याधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट समाधानों को मप्र में लागू करने को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी प्रकार के इंडस्ट्रियल वेस्ट, सीवेज वेस्ट, वेस्ट रिप्रोसेसिंग और इनर्ट मटेरियल के डिस्पोजल संबंधी ट्रीटमेंट सेंटर का निरीक्षण किया. इस दौरान विशेषज्ञों ने उन्हें बताया कि यहां विश्व की सर्वाधिक उन्नत तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है.

चर्चा के दौरान बी-आह ग्रुप को मप्र के नगर निगमों में म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट तथा वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजनाओं में निवेश और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप के लिए आमंत्रित किया. मुख्यमंत्री ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए बताया कि इंदौर ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और बायो-सीएनजी के क्षेत्र में देश और दुनिया के समक्ष एक अनुकरणीय मॉडल स्थापित किया है. उन्होंने बी आह को इंदौर के स्थापित मॉडल के साथ जुड़कर नए आधुनिक समाधानों पर मिलकर काम करने का प्रस्ताव दिया, जिससे कचरा प्रबंधन के साथ-साथ जीरो-वेस्ट लैंडफिल के लक्ष्य को हासिल किया जा सके.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बी आह के ग्रुप के सीईओ खालिद अल हुरैमल को अगले साल भोपाल में आयोजित होने वाली जीआईएस-2027 में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया. मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि बी आह ग्रुप अपनी आगामी वैश्विक विस्तार योजनाओं में मध्यप्रदेश को एक प्रमुख और प्राथमिकता वाले डेस्टिनेशन के रूप में शामिल करे.

## शारजाह चैंबर के साथ होगी रणनीतिक साझेदारी

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित एआईएम कांग्रेस-2026 के दौरान शारजाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं एक्सपो सेंटर के चेयरमैन अब्दल्ला सुल्तान अल ओवैस से सौजन्य मुलाकात की. बैठक में मप्र और शारजाह के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओवैस को अगले साल होने वाली जीआईएस-2027 में सहभागिता के लिये मप्र आमंत्रित किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शारजाह चैंबर के साथ एक सुव्यवस्थित और रणनीतिक आर्थिक साझेदारी विकसित करने पर बल दिया. उन्होंने चेयरमैन ओवैस से मप्र में एक उच्चस्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का आग्रह किया. साथ ही, दोनों क्षेत्रों के उद्यमियों के बीच सेक्टर-आधारित बी-2-बी बैठकों के आयोजन हेतु मध्यप्रदेश-शारजाह बिजनेस फोरम का प्रस्ताव भी रखा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य के एमएसएमई और निर्यातकों को खाड़ी देशों के प्रमुख खरीदारों व वितरकों से जोड़ने के लिए शारजाह चैंबर से सहयोग का आह्वान किया. बैठक में शारजाह की अग्रणी कंपनियों को प्रदेश के फूड पार्क, कोल्ड चेन, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, नवकरणीय ऊर्जा और पर्यटन परियोजनाओं में पूंजी निवेश के लिए आमंत्रित किया गया.

## ई-मोबिलिटी के क्षेत्र में निवेश कर सकता है राणा होल्डिंग्स

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राणा होल्डिंग्स लिमिटेड के चेयरमैन-मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दर्शन सिंह राणा से मुलाकात की. दोनों के बीच मप्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। बैठक में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, डेटा सेंटर्स, ग्रीन एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, ई-मोबिलिटी और एग्रीकल्चरल मशीनरी पर फोकस किया गया. मुख्यमंत्री ने जेम्स एजुकेशन कंपनी के चेयरमैन-फाउंडर सनी वर्की से मुलाकात के दौरान उन्हें प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र के नवाचारों और प्रदेश में निवेश की संभावनाओं से अवगत कराया. जेम्स एजुकेशन कंपनी ने मप्र के प्रमुख शहरों और विकासशील शहरों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के के-12 स्कूल कैंपस स्थापित करने में रूचि प्रदर्शित की. इन स्कूलों में विद्यार्थियों में कौशल विकसित करने के लिए ट्रेनिंग भी दी जाएगी. कंपनी स्थानीय जरूरतों और भविष्य की लर्निंग आवश्यकताओं के अनुसार नेशनल और इंटरनेशनल करिकुलम को लागू करेगी. वहीं मुख्यमंत्री ने ब्यूमर्क कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन और सीईओ सिद्धार्थ बालाचंद्रन से वन-टू-वन मीटिंग की. बालाचंद्रन ने इंफ्रास्ट्रक्चर, हेल्थ केयर, टेक्नोलॉजी, ग्रीन एनर्जी सहित कई सेक्टर में निवेश की इच्छा प्रकट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शराफ ग्रुप के प्रेसिडेंट-सीईओ श्याम कपूर से मुलाकात की. दोनों के बीच शिपिंग-लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई. रेल-साइडिंग युक्त लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई. इसके लिए लगभग 30 से 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश का प्रस्ताव है.

# गांवों में मातम के बीच मौत का सन्नाटा

## कई मोहल्लों में एक साथ अर्थियां उठने से सदमे में लोग

**जहरीली शराब के चपेट में आए सागर के बमूरा गांव की ग्राउंड रिपोर्ट**



**सागर 8 सितंबर. सागर जिले के बण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग सागर छतरपुर मार्ग के किनारे बसे गांव बमूरा भेडा मे दो दिन पूर्व पिता- पुत्र की मौत के बाद मातम छाया है और एक पुत्र अस्पताल मे जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है. तो एक अन्य की मौत के बाद बच्चो का रो रो कर बुरा हाल है.**

बमूराभेडा ग्राम पंचायत कार्यालय के नजदीक जहरीली-अवैध शराब से तीन परिवारो के घर उजाड गये. गांव मे एक दिन मे ही सात मौत से मातम पसरा है. तीन हज़ार की आबादी वाले बमूरा भेड़ा पंचायत मे चार अन्य गांव सेमरा दौलत, ब्यालई और परासिया शामिल है. जहरीली-अवैध शराब के शिकार छह लोगो मे पिता- पुत्र गोविंद सिंह-रामप्रसाद लोधी, सुमेर सिंह, सुरेंद्र अहिरवार लिधौरा हाट, राजकुमार नन्ना, महेन्द्र सिंह हुए तो वही मृतक गोविंद का एक और पुत्र भूरा अस्पताल मे उपचाररत है. रामप्रसाद को एयरलिफ्ट कर एम्स भोपाल भेजा गया था.

जहरीली-अवैध शराब के सेवन का शिकार एक बुजुर्ग दिव्यांग पिता का जवान इकलौता बेटा भी शामिल है. तो वही मृतको मे शामिल एक बुजुर्ग महिला भी जहरीली-अवैध शराब का शिकार हो गई. बण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत छापरी मे जहरीली-अवैध शराब चार परिवार उजड गये. 3185 की आबादी वाले गांव छापरी मे अवैध शराब विक्रय बंद नहीं हो पा रहा है. गांव के ही डेढ दर्जन से अधिक युवक चार मौतो के बाद भी बेखौफ अवैध शराब का विक्रय करने मे जुटे है तो लोग भी अपन आप को शराब का सेवन करने से रोक पा रहे है. कुछ स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर छापरी पहुंच गए.

### मकानों में गड्ढे खोदकर रखी जहरीली शराब

स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग की नजर से दूर अवैध शराब विक्रय करने वालों के कच्चे मकानों में बनाए गए गड्ढे मे रखे हैं. छापरी का राजस्व ग्राम आलमपुर भी है. ग्रामवासी बताते है अवैध शराब के विक्रय के कारण ग्राम पंचायत कार्यालय सहित स्कूल आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र मे चार बजे के बाद कोई कर्मचारी रुकना नही पसंद करता है. गांव के कुलदीप दांगी, कैलाश अहिरवार, श्यामबाई और अरविंद विश्वकर्मा जहरीली-अवैध शराब के शिकार हो चुके है. मंगलवार को अरविंद का शव पोस्टमार्टम के बाद सागर से छापरी पहुंचना था. मेडीकल कॉलेज सागर मे छापरी के आठ मरीज भर्ती बताए गए है. जिनमे राजकुमार, गोविंद, रमेश, मनोज चंद्रशेखर शामिल है.

### बमूरा आना बना मौत का कारण

मृतक सुरेंद्र अहिरवार तो लिधौरा हाट का निवासी है मगर मकान निर्माण मे मिस्त्री के काम के सिलसिले मे बमूरा आना जाना हुआ और जहरीली-अवैध शराब का शिकार हो गया. जानकारी के अनुसार दस बारह मरीज अभी भी अस्पताल मे उपचाररत है.

### एक नजर में

#### आईएएस अनिल डामोर का हार्टअटैक से निधन

**भोपाल.** मध्य प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (आईएएस) अनिल कुमार डामोर का विदिशा में हार्ट अटैक से निधन हो गया है. डामोर विदिशा में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे, हाल ही में शासन ने उनका स्थानांतरण भोपाल कर दिया था. मंगलवार सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. डॉक्टरों द्वारा उनके निधन की प्रारंभिक वजह हृदयघात (हार्ट अटैक) बताई जा रही है.



#### पीला मोजेक रोग से सोयाबीन की फसल तबाह

**बैरसिया.** विधानसभा क्षेत्र के सूरजपुरा, आमल्या, उमरिया, बाबूखेड़ी सहित आसपास के गांवों में पीला मोजेक रोग के प्रकोप से खड़ी सोयाबीन की फसल को भारी नुकसान पहुंच रहा है. इससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. प्रशासन की कथित निष्क्रियता से नाराज किसानों ने बैरसिया एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल फसल सर्वे और उचित मुआवजे की मांग की. प्रेस वक्तव्य में प्रवीण धोलपुरे ने कहा कि सोयाबीन की फसल तेजी से पीली पड़ रही है और कई खेत गंभीर रूप से प्रभावित हो चुके हैं, लेकिन अब तक नुकसान का व्यापक आकलन शुरू नहीं किया गया है.

# निवेशकों को फंसाने वाले 13 ठग गिरफ्तार

## ललितपुर में 70 हजार की ठगी की जांच से इंदौर तक पहुंचा गिरोह

नव भारत न्यूज

**इंदौर. 8 सितंबर. शेयर बाजार में दोगुना-तिगुना मुनाफा दिलाने का झांसा देकर देशभर में लोगों से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का इंदौर में पर्दाफाश हुआ है. ललितपुर साइबर क्राइम पुलिस और विजय नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**



गिरोह के सदस्य खुद को नामी ब्रोकरेज कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोगों से मोबाइल पर संपर्क करते थे. इसके बाद उन्हें नोकिया सिक्योरिटीज नाम का फर्जी ट्रेडिंग एप डाउनलोड करवाकर निवेश के लिए रकम जमा कराते थे. एप पर निवेश के बाद खाते में लगातार बढ़ता हुआ मुनाफा दिखाई देता था, जबकि यह रकम पूरी तरह फर्जी होती थी. जब निवेशक रकम निकालने की कोशिश करता तो ठग संपर्क बंद कर देते थे. इसी तरीके से ललितपुर में एक व्यक्ति से 70 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी हुई थी.

### लोकेशन इंदौर में मिली थी : एडीसीपी

डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने नव भारत को बताया कि ललितपुर की साइबर ठगी की जांच में आरोपियों की लोकेशन इंदौर में मिली थी. संयुक्त कार्रवाई में 13 आरोपियों को पकड़ा है. उनके बैंक खातों और डिजिटल गतिविधियों की जांच की जा रही है, जिससे गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की जानकारी मिल सकती है.

# एमपी में अब तक 31 .1 इंच बारिश

## भोपाल समेत 12 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 8 सितंबर. मध्यप्रदेश में मानसून के दौरान अब तक औसतन 31.1 इंच यानी 790.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है. यह अब तक के सामान्य आंकड़े 33.1 इंच से करीब 2 इंच कम है. प्रदेश में अब तक बारिश का करीब 83.5 प्रतिशत कोटा पूरा हो चुका है.**



हालांकि भोपाल समेत 12 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई है, जबकि 31 जिले अभी भी औसत से पीछे हैं.

सामान्य से ज्यादा बारिश वाले जिलों में भोपाल, राजगढ़, शिवपुरी, निवाड़ी, मैहर, भिंड, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, सतना, मऊगंज और उमरिया शामिल हैं. वहीं उमरिया, अनूपपुर, आगर-मालवा, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, ग्वालियर, गुना, दतिया, खरगोन और बुरहानपुर में सामान्य बारिश का 90 प्रतिशत से अधिक आंकड़ा पूरा हो चुका है.

### 11 तक रीवा-शहडोल में तेज बारिश

मौसम केंद्र के अनुसार 11 सितंबर तक रीवा और शहडोल संभाग में तेज बारिश का दौर जारी रह सकता है. प्रदेश के अन्य हिस्सों में हल्की बारिश होने के आसार हैं. 12 सितंबर के बाद नया मौसम तंत्र सक्रिय होने पर कई जिलों में फिर बारिश बढ़ सकती है.

### जून की कमी अब तक बरकरार

जून में प्रदेश में सामान्य से 14 प्रतिशत कम बारिश हुई थी. जुलाई और अगस्त में अच्छी बारिश के बाद आंकड़े में सुधार आया, लेकिन मानसून में दो बार ब्रेक आने से जून की कमी पूरी नहीं हो सकी.

# मरीजों को राहत : कैंसर उपचार विदिशा में शुरू

## पूर्ण कैंसर अस्पताल के लिए डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी सैद्धांतिक सहमति

नवभारत न्यूज

**विदिशा, 8 सितंबर. कैंसर मरीजों को इलाज के लिए मुंबई और दिल्ली के चक्कर लगाने से राहत देने की दिशा में विदिशा में कैंसर उपचार व्यवस्था का पहला चरण शुरू हो गया है. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कैंसर सिर्फ मरीज को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से प्रभावित करता है.**



इसी समस्या को देखते हुए विदिशा में सर्वसुविधायुक्त कैंसर उपचार केंद्र विकसित करने का संकल्प लिया गया था.

चौहान ने बताया कि जिले में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में करीब 2500 लोगों की जांच की गई, जिनमें 584 कैंसर मरीज चिन्हित हुए. इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं स्तन और गर्भाशय कैंसर से पीड़ित मिलीं.

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के महानिदेशक डॉ. सिमोन हेक के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की. इस बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव अतीश चंद्रा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट और उत्तर प्रदेश के आगरा में स्थापित हो रहे सीसार्क के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह भी उपस्थित रहे.

# 20 को जुटेंगे 30 हजार स्वयंसेवक

## लाल परेड ग्राउंड में होगा आरएसएस का शाखा संगम

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 8 सितंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) की ओर से 20 सितंबर को राजधानी के ऐतिहासिक लाल परेड ग्राउंड पर शाखा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. दोपहर करीब 3 बजे होने वाले इस आयोजन में संघ के सह सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले मुख्य रूप से शामिल होंगे और स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन देंगे.**

कार्यक्रम में भोपाल विभाग के अंतर्गत आने वाले संगठनात्मक जिलों भोपाल, प्रताप, भोजपुर, तात्या टोपे और विद्युत नगर से करीब 30 हजार पूर्ण गणवेशधारी स्वयंसेवक शामिल होंगे. इस दौरान स्वयंसेवक एक साथ समता, शारीरिक व्यायाम, दंड प्रयोग और योग का प्रदर्शन करेंगे. संघ की दृष्टि से यह भोपाल विभाग के प्रमुख नगरों और बस्तियों की शाखाओं का बड़ा एकत्रीकरण होगा. आयोजन में दत्तात्रेय होसबाले युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें दिशा और मार्गदर्शन देंगे. संघ की ओर से युवा वर्ग के साथ संवाद और परिचर्चाओं पर भी जोर दिया जा रहा है. कोरोना काल के बाद 11 दिसंबर 2022 को भी लाल परेड ग्राउंड पर संघ का बड़ा शारीरिक प्रकटोत्सव आयोजित हुआ था. इसमें दत्तात्रेय होसबाले मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए थे. तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे थे.

### मोहल्ला शाखाओं के स्वयंसेवक भी जुटेंगे

संघ के शताब्दी वर्ष के तहत मोहल्ला शाखाओं के गठन और विस्तार पर जोर दिया गया है. शाखा संगम में इन मोहल्ला शाखाओं से जुड़े स्वयंसेवक भी शामिल होंगे. आयोजन के माध्यम से संगठन की भूमिका और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को भी रेखांकित किया जाएगा.

# हैदराबाद-गोरखपुर ट्रेन का मार्ग परिवर्तित

## झांसी स्टेशन पर कार्य के चलते लिया निर्णय

**भोपाल, 8 सितंबर. रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन पर प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 पर बैलास्ट-लेस ट्रैक के निर्माण कार्य के कारण गाड़ी संख्या 07075/ 07076 हैदराबाद- गोरखपुर- हैदराबाद एक्सप्रेस ( नियमित गाड़ी संख्या 22075/ 22076 चरलापल्ली -गोरखपुर - चरलापल्ली एक्सप्रेस ) को पूर्व में घोषित निरस्तीकरण के स्थान पर परिवर्तित मार्ग से संचालित करने का निर्णय लिया गया है.**

गाड़ी संख्या 07075 हैदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस (नियमित गाड़ी संख्या 22075 चरलापल्ली-गोरखपुर एक्सप्रेस एक्सप्रेस) 20 नवंबर से 25 दिसंबर तक अपनी निर्धारित यात्रा के दौरान इटारसी-जबलपुर - ओहन- हरपालपुर-कानपुर सेंट्रल होकर गोरखपुर जाएगी. इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 07076 गोरखपुर-हैदराबाद एक्सप्रेस (नियमित गाड़ी संख्या 22076 गोरखपुर-चरलापल्ली एक्सप्रेस) 22 नवंबर से 27 दिसंबर तक कानपुर सेंट्रल-हरपालपुर -ओहन-जबलपुर-इटारसी होकर हैदराबाद की ओर संचालित होगी.

### पांच माह में 473 कोचों का अनुरक्षण

**भोपाल.** पमरे के भोपाल रेल कारखाने में कोचों का पीरियोडिक ओवरहॉलिंग कार्य निरंतर उत्कृष्टता के साथ किया जा रहा है. मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम पांच माह में कुल 473 कोचों का सफलतापूर्वक पीरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) कर प्रदर्शन किया है. जबकि केवल अगस्त माह में 101 कोचों का पीओएच किया गया है. वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी में भोपाल कारखाना प्रबंधन ने टीम भावना और सुनियोजित कार्ययोजना के साथ यह सफलता हासिल की.

**घोर लापरवाही** ▶ पटवारी ने सरकार से की जहरीली शराब कांड की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग

# क्यों नहीं की समय रहते कार्रवाई : पटवारी

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 8 सितंबर. एमपी कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सागर के बंडा क्षेत्र में कथित रूप से जहरीली शराब के सेवन से हुई मौतों के मामले में स्वतंत्र न्यायिक जांच कराने की मांग की है. उन्होंने पूरे अवैध शराब नेटवर्क की गहन जांच कर वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग उठाई.**



राज्य सरकार को लिखे पत्र में जीतू पटवारी ने कहा कि इस त्रासदी ने कई परिवारों को तबाह कर दिया है और प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में अवैध शराब की गतिविधियों को लेकर शिकायतें और सूचनाएं पहले से मौजूद थीं, लेकिन समय रहते प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की गई.

उन्होंने वाणिज्यिक कर एवं आबकारी विभाग के वरिष्ठ स्तर तक जिम्मेदारी तय करने, संदिग्ध शराब को लेकर विभागीय कार्रवाई में कथित विरोधाभासों की निष्पक्ष जांच कराने तथा उत्पादन से लेकर आपूर्ति, परिवहन और बिक्री तक पूरी श्रृंखला की जांच की मांग की.

पटवारी ने मामले के संभावित अंतरराज्यीय संबंधों की भी जांच कराने की मांग की. उन्होंने आरोपों का उल्लेख करते हुए कहा कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से अवैध शराब सागर पहुंचने की संभावनाओं की भी जांच होनी चाहिए. उन्होंने इस धंधे से जुड़े लोगों को किसी राजनीतिक संरक्षण की जांच बिना भेदभाव के करने की मांग की.

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग भी की. साथ ही मृतकों की सार्वजनिक रूप से प्रमाणित सूची जारी करने, पीड़ितों के समुचित उपचार और आर्थिक सहायता तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की.

### आठ साल बाद भी शिक्षक भर्ती अधूरी

मध्यप्रदेश में वर्ष 2018 में शुरू हुई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया आठ वर्ष बाद भी पूरी नहीं हो सकी है, जिससे हजारों पात्र अभ्यर्थी नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं. शिक्षक भर्ती संगठन के अनुसार फरवरी 2019 में शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें करीब ढाई लाख अभ्यर्थी सफल हुए थे. कोविड काल के दौरान प्रक्रिया प्रभावित होने के बाद अक्टूबर 2021 में भर्ती प्रक्रिया फिर शुरू हुई, लेकिन एक दिसंबर 2022 को हुई पहली काउंसलिंग के बाद हजारों पद बैकलॉग घोषित कर दिए गए.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60